News सिटी चीफ
वर्ष–15, अंक–40
पृष्ठ–8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

समय और भाग्य पर कभी अहंकार मत करो क्योंकि ये दोनों परिवर्तनशील है।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, शनिवार, 18 मई 2024



### एक वोट देश का भविष्य को तय करता है---डीएम-एसपी

## मतदान के लिए डीएम- एसपी सहित प्रशासनिक पदाधिकारी ने निकाली जागरूकता रैली

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

शिवहर, शिवहर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह– जिला पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में आज सुबह 7ः00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से मतदान के लिए जागरूकता रैली समाहरणालय परिसर से राजस्थान चौक तक निकाली गई।
जिसमें पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय, डीडीसी अतुल कुमार वर्मा, एडीएम कृष्ण मोहन सिंह, एसडीएम अविनाश कुणाल, एसडीपीओ अनिल कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सत्नारायण प्रसाद, सहित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी अनामिका कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी अंशु कुमारी सहित आईसीडीएस,आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी आदि ने जागरूकता रैली में भाग लिया।
जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि 5 साल के बाद आने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में आप



क्यों चुकते हैं ।उन्होंने कहा कि वोट का कोई कीमत नहीं होता, यह अनमोल है ।एक वोट आपके देश के भविष्य को तय करता है और यही एक अधिकार है कि बिना मांगे 18 साल में प्राप्त हो जाता है ।इसे व्यर्थ जाया नहीं करें। 25 मई को मतदान करें।
डीएम पंकज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग हर हाल में करने का संदेश दिया उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि इस बार के चुनाव में अधिक से अधिक महिलाएं वोट देने के लिए निकले।

### राजद लोकसभा प्रभारी स्वाति मिश्रा ने कहा

## रितु जायसवाल शिवहर का सांसद बनने से शिवहर का नाम विश्व में फैलेगा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

शिवहर, शिवहर लोकसभा प्रभारी सह महिला प्रदेश प्रवक्ता स्वाति मिश्रा शिवहर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांव में लोगों से जनसंपर्क कर आईएनडीआईए गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार प्रत्याशी श्रीमती रितु जायसवाल को वोट करने की अपील की है।
जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए बताया है कि लोगों का अपार जन समर्थन श्रीमती रितु जायसवाल को मिलना रहा है ।
वही स्वाति मिश्रा ने कहा कि मैं लगातार 1 महीने से शिवहर घूम रही हूं और यहां की हालत देकर मुझे ऐसा लग रहा है रितु जायसवाल जी सांसद जनता जनार्दन के आशीर्वाद से जरुर बनेगी।
उन्होंने कहा है कि रितु जायसवाल जी के सांसद बनने से निश्चित तौर पर शिवहर का नाम पूरे विश्व में जाना जाएगा।



वही युवा नेता फसीह फराज ने भी रितु जयसवाल के समर्थन मे लगातार जनसंपर्क कर लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। और उन्होंने रितु जायसवाल के बारे में बताएं कि वे मुखिया रह कर जो काम किया ,जिस कारण उस पंचायत को राष्ट्रपति पुरस्कार एव पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड से सम्मानित किया गया है और निश्चित तौर पर अगर इस बार सांसद बनती है तो शिवहर में जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार ,सड़क की जो बदहाल स्थित है उसको सुधारने का प्रयास करेगी और शिवहर का नाम पूरे विश्व में नाम होगा।
रितु जायसवाल के पति पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार भी जनसंपर्क अभियान में लगे हुए हैं, वे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद असद सहित अन्य लोगों से संपर्क कर रहे हैं।
मौके पर स्वाति मिश्रा, फसीह फराज, अंशु सिंह, डॉ नौशाद आलम, अभिमन्यु कुमार, परवीन कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

## दुर्घटना में मरे हुए व्यक्ति का पोस्टमार्टम 10 घंटे तक ना होने से मातृ शिशु अस्पताल में बवाल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

शिवहर, शिवहर मातृ शिशु अस्पताल शिवहर में मृतक के परिजनों के द्वारा शव का पोस्टमार्टम ना होने के कारण परेशान होने के बाद बवाल मचाया है। और धरना पर बैठ गए हैं। मौके पर पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार ने पहुंचकर पोस्टमार्टम कटर की बहाल करने की मांग कर रहे हैं।
बीतीं रात तकरीबन 10ः00 बजे कुशहर हाई स्कूल के पास अज्ञात वाहन के द्वारा शिवहर नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या एक कोठिया निवासी सुरेश राम के 22 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार की दुर्घटना में मौके पर मौत हो गई थी। इस बाबत सैकड़ो महिला



पुरुष पोस्टमार्टम करने की मांग कर रहे थे तथा दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के मुआवजा की भी मांग कर रहे हैं।
शव को तकरीबन 1ः00 बजे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया गया। लेकिन सुबह 10ः00 तक पोस्टमार्टम ना होने से नाराज परिजनों ने मातृ शिशु अस्पताल में जमकर हंगामा किया।
इस बाबत सिविल सर्जन डॉ त्रिलोकी नाथ शर्मा ने कहा है कि पोस्टमार्टम कटर शंकर का लड़का सीतामढ़ी में रहता है। वह आ रहा है तो पोस्टमार्टम करा दिया जाएगा, क्योंकि पोस्टमार्टम कटर शंकर के जिम्मे सीतामढ़ी एवं शिवहर पोस्टमार्टम हाउस का जिम्मेदारी है। तथा वह सीतामढ़ी में ही रहता है।
वहीं राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार रितु जायसवाल के पति पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार भी धरना प्रदर्शन में शामिल होकर शीघ्र पोस्टमार्टम मटर की मांग कर रहे हैं तथा दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति की मुआवजा की मांग कर रहे हैं।
मौके पर संजय संघर्ष सिंह, राम एकबाल राय क्रांति , देवेंद्र राम ,चितरंजन राम,सहित अन्य मौजूद रहे।

### शिवहर में बिजली की करंट से एक नवयुवक घायल

## अस्पताल में कराया गया भर्ती, इलाज जारी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

शिवहर, शिवहर प्रखंड के चमनपुर पंचायत के वार्ड नंबर आठ में एक व्यक्ति को करंट लगने से घायल होने पर सरोजा सीताराम अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज जारी है।
बताया गया कि घर में वह पंखा का तार जोड़ रहा था तभी तार टूट कर शरीर पर गिर गया और वह घायल हो गया।
परिजनों ने आरोप लगाया है की ट्रांसफर पर डायरेक्ट हैंडल को उठाकर बांध दिया गया है यानी परमानेंट फिक्स कर गया है जिस कारण यह घटना घटी है।



### नूंह में श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट बस में लगी आग

## 9 लोग जिंदा जले, सवार थे करीब 60 यात्री

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

नूंह, कुंडली –मानेसर–पलवल एक्सप्रेस–वे पर नूंह जिले में स्थित गांव धुलावट के पास चलती बस में आग लगने से 9 लोग जिंदा जल गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार करीब 60 लोगों में 20 से अधिक लोग बुरी तरह से झुलसे हैं, जिसमें कई बच्चे और महिलाएं भी हैं। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। बस में



पंजाब के होशियार पुर तथा चंडीगढ़ में रहने वाले लोग सवार थे। एक टूरिस्ट कंपनी की बस को सात दिन के लिए बुक कर धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने के लिए निकले थे। मथुरा और वृंदावन से चंडीगढ़ जाते वक्त हादसा हुआ। हादसे में झुलसी सरोज पुंज, पूनम ने बताया कि रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच में जैसे ही बस केएमपी पर धुलावट गांव की सीमा में पहुंचे तभी एक बाइक सवार युवक ने बस के आगे बाइक को लगाकर रुकवाया और बताया कि बस के पिछले हिस्से में आग लगी हुई है।

## पताही में 10 मतदाताओं ने वैलेट पेपर से किया मतदान

### 3 वृद्ध और सात दिव्यांग ने घर पर किया मतदान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पताही, पताही प्रखंड में शुक्रवार को 10 मतदाताओं का वैलेट पेपर से मतदान किया। इसमें सात दिव्यांग मतदाता एवं तीन वृद्ध शामिल थे। पूरी चुनावी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी कराई गई। इस संबंध में सिकरहना डीसीएलआर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एभीएससी मतदान कराया गया।। बताया कि प्रखंड में सात



दिव्यांग एवं तीन वृद्ध सहित कल 10 मतदाताओं ने वायलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### प्रिंसिपल ने आयुष को गटर में डाला था

## मां बेटा गिरफ्तार, स्कूल में मिली थी 4 साल के आयुष की लाश




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

पटना, पटना के दीघा थाना क्षेत्र के निजी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव बरामद किया गया था. शव मिलने के मामले में पुलिस ने देर शाम शुक्रवार को स्कूल के प्रिंसिपल और उसके बेटे को गिरफ्तार है. गिरफ्तार दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में दोनों ने माना है कि बच्चे को स्कूल में काफी चोट लग गई थी, लेकिन उसे अस्पताल ले जाने की जगह दोनों मां बेटे मिलकर स्कूल के सेप्टिक टैंक में डाल दिया, जिससे उस मासूम बच्चे मौत हो गई.
दोनों आरोपियों ने पुलिस के ये भी बताया कि स्कूल में सीसीटीवी से लेकर खून के दाग–धब्बों को भी उन्होंने मैनेज किया. 10 मिनट के फुटेज को डिलीट किया वहीं खून के निशान को धो दिया. फिलहाल प्रिंसिपल और उसके बेटे दोनों को गिरफ्तारी करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### 20 मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे पीएम मोदी

## सुशील मोदी को देंगे श्रद्धांजलि, 21 मई को मोतिहारी,सिवान जिलों में करेंगे रैली

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

पटना, लोकसभा चुनाव में छठे चरण वाले संसदीय क्षेत्र के लिए जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर फिर बिहार आ रहे हैं। मोदी 20 मई की शाम में पटना पहुंच जाएंगे। रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे।
20 मई की शाम पटना पहुंचने पर दिवंगत पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी के राजेंद्र नगर स्थित आवास पर जाने कार्यक्रम प्रस्तावित है।
प्रधानमंत्री दिवंगत सुशील मोदी के स्वजनों एवं उनकी पत्नी प्रो. डॉ जेसी सुशील मोदी से मुलाकात कर सांत्वना देंगे।
इसके बाद बिहार भाजपा प्रदेश मुख्यालय भी प्रधानमंत्री के जाने का कार्यक्रम हैं। भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रधानमंत्री की दो दिवसीय दौरे की पुष्टि की है।
नरेन्द्र मोदी 21 मई को छठे चरण वाले तीन संसदीय क्षेत्र में जनसभा भी करेंगे। इसमें पूर्वी चंपारण के अलावा सिवान एवं महाराजगंज के लिए संयुक्त चुनावी सभा को गौरेया कोठी विधानसभा क्षेत्र के आज्ञा में जनसभा को संबोधित करेंगे।
बिहार के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब कोई प्रधानमंत्री सप्ताह भर में दूसरी बार दो दिवसीय दौरे पर पटना में रात्रि विश्राम करेगा।

### बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर शाम 5 बजे थमेगा चुनावी शोर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर चुनावी शोर थम जाएगा. हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी और सारण में शाम 5 बजे तक प्रत्याशी अपना प्रचार कर सकेंगे. शाम के बाद कैंडिडेट्स डोर–टू–डोर जाकर मतदाताओं से मिलेंगे. 20 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे. पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों पर 80 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं. इनमें 35 प्रत्याशी ऐसे हैं जो निर्दलीय हैं. के मुताबिक पांच ऐसे उम्मीदवार हैं जिनपर आपराधिक मामले दर्ज हैं. वीवीआईपी सीट हाजीपुर सीट पर चिराग पासवान की अग्निपरीक्षा होगी तो वहीं सारण में बीजेपी के राजीव प्रताप का मुकाबला लालू यादव की बेटी और आरजेडी कैंडिडेट रोहिणी आचार्य से है. सीतामढ़ी में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर चुनावी मैदान में हैं तो वहीं मुजफ्फरपुर में कांग्रेस के अजय निषाद का कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है.